दे सलामी इस तिरंगे को,
जिससे तेरी शान है,
सिर हमेशा ऊंचा रखना इसका,
जब तक दिल में जान है

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

RNI : RAJHIN13216/2005

स्वतंत्रता दिवस

"आजादी आपके अस्तित्व को निखारती है, आज़ादी ही आपको जीवन जीना सिखाती है।"

वर्ष: 18 अंक:18 पेज: 8 मूल्य 01 रु.

जयपुर, मंगलवार 15 अगस्त, 2023

Email: garibonkasitara@gmail.com





गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
अपना शहर
गरीबों का सितारा
जयपुर
मंगलवार, 15 अगस्त, 2023



38°

| पूर्वानुमान> | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 40°c | 40°c | 38°c | 36°c |
| न्यूनतम> | 29°c | 29°c | 29°c | 28°c |

# भाजपा नेत्री डॉ.सुषमा यादव ने किया जनसंपर्क यात्रा अभियान का आगाज

**गढ़ गणेश मंदिर से निकाली जनसंपर्क वाहन यात्रा रैली**

**गांव गांव पहुंचकर पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं को आमजन के समक्ष रखा**

## सैकड़ो समर्थक व कार्यकर्ता रहे साथ, आम जनता परिवर्तन चाहती है मगर खुलकर सामने नहीं आना चाहती : डॉ सुषमा यादव









सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** भाजपा नेत्री डॉ. सुषमा यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भावी भाजपा विधायक प्रत्याशी के रूप में अपने जनसंपर्क अभियान का आगाज रविवार को शहर के गढ़ गणेश मंदिर से प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद लेकर किया । इससे पूर्व मंदिर परिसर के बाहर भाजपा नेत्री डॉ. सुषमा यादव के जनसंपर्क अभियान के आगाज का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ो की तादात में समर्थक व कार्यकर्ता एकत्रित हुए । जहां डॉ सुषमा यादव का ढोल नगाड़ों के साथ कार्यकताओं व समर्थको ने स्वागत किया । भगवान गणेश का आशीर्वाद लेकर मंदिर परिसर में एकत्रित महिलाओं ने उत्साह से लबरेज होकर डॉ.सुषमा यादव को चुनरी, शॉल ओढ़ाकर व मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया ।

### परिवर्तन प्रकृति का नियम है, जो हमेशा विकास की राह पर आगे बढ़ता है

डॉ सुषमा यादव ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है ओर चौमूं की आम जनता ने अबकी बार परिवर्तन का मानस बना लिया है चौमूं की आम जनता परिवर्तन चाहती है और परिवर्तन हमेशा विकास राह पर आगे बढता है । साथ ही उन्होंने जनसंपर्क अभियान को लेकर कहा कि पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के उददेश्य को लेकर इस जन संपर्क अभियान का आगाज किया गया है । उन्होने कहा कि जनसंपर्क की यात्रा के दौरान आमजन से सीधे रुबरु होकर आमजन की समस्याओं को जानने का अवसर मिलेगा जिससे कि उन समस्याओं पर वर्क कर उन्हे दूर किया जाएगा । साथ ही पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन के समक्ष रखा जाएगा ।

### प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

भाजपा नेत्री डॉ सुषमा यादव में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के पिछले चार साल के कार्यकाल में हर कोई दुखी है परेशान है युवा त्रस्त है बेरोजगार है पेपर लीक के मामले ने नाथी का बाडा बना दिया महिलाओं पर आए दिन अत्याचार हो रहे हैं बलात्कार हो रहे हैं इन पर लगाम कसने के बजाय हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी रेवडियां बांटे जा रहे हैं ।मोबाइल बांट रहे हैं मोबाइल देने से कुछ नहीं होता प्रदेश में महिलाओं की इज्त हो उनका आदर हो । माननीय मुख्यमंत्री जी मोबाइल देकर महिलाओं को खुश करना चाहते है । जनसंपर्क यात्रा अभियान के पहले चरण में डॉ सुषमा यादव में इन ग्रामों में किया आमजन से सम्पर्क, डॉ सुषमा यादव का जगह-जगह हुआ स्वागत डॉ सुषमा यादव में जनसंपर्क की यात्रा अभियान के पहले चरण में यात्रा का आगाज करते हुए वाहन रेली निकालकर शहर स्थित गढ़ गणेश मंदिर परिसर से वाहनो के लम्बे कारवे के साथ बस स्टेड धौली मंडी रेनवाल रोड होते हुए रेलवे फाटक तेजाजी धाम टांकरडा देवपुरा रामगट्टा जयसिंहपुरा गुवारडी कालाडेरा कालाडेरा मोड बाई का बास घिनोई डोला का बास मंडा भिंडा नो पुरा दम्बा का वास किशनमानपुरा ग्रामों के बस स्टेड पर लोगो से जनसंपर्क किया । जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह डॉ. सुषमा यादव का ग्रामीणो ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान डॉ सुषमा यादव ने बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया व पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओ को आमजन के समक्ष रखा । जन सम्पर्क यात्रा के दौरान सैकड़ो समर्थक व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# जन्मदिन (15 अगस्त) के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** ऑल इंडिया रेलवे मैन्स फेडरेशन के महामंत्री कॉम शिव गोपाल मिश्रा के जन्मदिन (15 अगस्त) के अवसर पर आज नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे मैन्स यूनियन एव रेलवे क्लब बीकानेर के तत्वावधान मे रेलवे प्रेक्षाग्रह मे एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कॉम प्रमोद यादव मंडल मंत्री के नेतृत्व में हुआ जिसमें उद्धघाटनकर्ता कॉम मुकेश माथुर महामंत्री नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन जयपुर, विशिष्ठ अतिथि डॉ आशीष कुमार मंडल रेल प्रबंधक बीकानेर ,डॉ अबरार पंवार सीएमएचओ , श्री विकास अग्रवाल मुख्य कारखाना प्रबधक, श्री अनिल मोदी सहायक कार्मिक अधिकारी कार्यशाला रहे। इस रक्तदान शिविर मे कॉम मुकेश माथुर ने बताया नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन पूरे जोन में वर्ष 2005 से भिन्न भिन्न समय पर बीकानेर,जयपुर जोधपुर, अजमेर मंडल के रेल कर्मचारी रक्तदान शिविर लगा कर इस पुण्य कार्य का आयोजन कर रहे है हर स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में एक बार या अपने जीवन मे एक बार अवश्य रक्तदान करने चाहिए। उन्होंने कॉम प्रमोद यादव मंडल सचिव नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन बीकानेर को इस विशाल रक्तदान शिविर के लिए उनको ओर उनकी पूरी टीम को बधाई दी । डॉक्टर आशीष कुमार मंडल रेल प्रबधक बीकानेर ने भी रेल कर्मचारियों के इस रक्तदान शिविर के आयोजन ओर इस पुण्य कार्य की प्रशंसा की इस विशाल रक्तदान शिविर में सूरतगढ़, हनुमानगढ़, भटिंडा, सिरसा, हिसार, लालगढ, श्रीगंगानगर, चूरू, रतनगढ़, बीकानेर , वर्कशॉप लालगढ के 311 कर्मचारियों ने अपना रक्तदान किया , यूनियन की ओर से सभी रक्तवीरो को उपहार भी भेंट की ।सभी अतिथियों का कॉम प्रमोद यादव मंडल मंत्री ने शॉल एवं मेमोटो देकर स्वागत एव आभार प्रकट किया। मंडल रेल अस्पताल से अस्पताल टीम ने कर्मचारियों का मेडिकल शिविर भी इस मे आयोजन कर कर्मचारियों की चिकित्सा जांच की जिसमे डॉ नेहा गुप्ता , शत्रुघन पारीक, अम्बालाल ,राकेश , मूलचन्द , मौजूद रहे इस रक्तदान शिविर में कॉम विजय श्रीमाली,कॉम शशिप्रकाश लोहान मंडल अध्यक्ष, कॉम गणेश वासिष्ठ ,कॉम दिनेश सिंह, कॉम कॉम मोहम्मद सलीम कुरेशी, कॉम राजेन्द्र सिंह शेखावत, कॉम







अंसार अहमद, राजेन्द्र खत्री, जितेंद्र चौधरी, संजीव मालिक, मुश्ताक अली, सुभाष मीणा, रामसिंह, विक्रम सांखला, महेंद्र, प्रेम सैनी, पवन कुमार बीकानेरी, पुष्कर चायल, शिवानंद, तेजकरण व्यास, दीनदयाल, शशिकांत , संजय,महावीर , विजय, सुनील, नवीन,इकबाल, बसंत नायक ,भंवर बिका, मनोज मारू, मुकेश मीना, आदि ने संयोग किया। पीबीएम अस्पताल से डॉक्टर एम एल माहवार ब्लड बैंक अघीक्षक की पूरी टीम ने इस सफल आयोजन में सयोग किया।

**सड़क शिलान्यास कार्यक्रम में...**

# अलवर सांसद व राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक के साथ रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने की शिरकत

## कांग्रेस व बीजेपी पदाधिकारी एक साथ एक मंच पर







सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र मे सोमवार को पीएमजीएसवाई तृतीय (फेज-2) पिनान से चिमरावली तक 11 किलोमीटर 762 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास अलवर लोकसभा सदस्य के कर कमलो से राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक की अध्यक्षता मे किया गया जिसमे बीजेपी कार्यकर्ता व कांग्रेस कार्यकर्ता एक साथ एक मंच पर ही उपस्थित रहे तथा रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर , विजय समर्थलाल मीना , सुनिता बबेली , डॉक्टर श्यामसुन्दर मीना , पाटन सरपंच सरोज मीना , पिनान सरपंच प्रतिनिधी बृजमोहन गोयल व गढ़ीसवाईराम सरपंच प्रतिनिधी धर्मचन्द बैरवा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इसी तरह से सोमवार को पीएमजीएसवाई तृतीय (फेज-2) के तहत राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र मे डेरा से पीपलहेडा वाया मुन्डिया (भजेड़ा) तक 7 किलोमीटर 352 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास अलवर सांसद महन्त बालकनाथ के कर कमलो से राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक जौहरीलाल मीना की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ जिसमे रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर के साथ साथ पूर्व मे डेरा पंचायत के सरपंच अशोक कुमार बैरवा , भजेड़ा बिजेन्द्र कुमार मीना व विजय समर्थ लाल मीना , बहड़को सरपंच हरि प्रसाद मीना , पाटन सरपंच सरोज मीना , बीलेटा सरपंच नवल किशोर गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिको की उपस्थिति मे शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस पीडब्लूडी विभाग के एक्सईएन माही राम मीना व एईएन शिवराम मीना तथा जेईएन स्मृति विजय एवं लक्ष्मणगढ क्षेत्र मे एईएन राजीव मीना सहित अनेक गणमान्य नागरिक व कांग्रेस बीजेपी कार्यकर्ताओ ने बडचढकर कार्यक्रम मे भाग लिया।

# देशभक्ति के जज्बे से भरपूर प्रस्तुतियों ने महकाई शाम

## जिला प्रशासन की ओर से स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर राधा कृष्ण मारू स्कूल में हुआ सांस्कृतिक समारोह

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** बच्चे-बच्चे में राष्ट्रप्रेम की खुशबू और देशभक्ति के जज्बे से सरोबार एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या को खूब सराहा गया।



विभिन्न स्कूलों के नन्हें-मुन्हें छात्रा-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने इस शाम को यादगार बना दिया। अवसर था 77 वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या की शाम को राजकीय राधा कृष्ण मारू बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या का। जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी के मुख्य आतिथ्य में संजोई गई इस शाम में सीकर के विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति के प्रति जागरूकता की प्रस्तुतियां दीं, जिन पर हॉल में मौजूद हर कोई झूम उठा। देशभक्ति से परिपूर्ण गीत मारू स्कूल की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुतियों पर भी खूब दाद पाई। सांस्कृतिक संध्या में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम, श्री कल्याण स्कूल, हरदयाल स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, शिवसिंहपुरा स्कूल, वर्धमान स्कूल, के छात्रा-छात्राओं ने गणेश वंदना के साथ " मां तुझे सलाम, बंदेमातरम, हमें तुमसे प्यार है इंडिया, तेरी मिट्टी में मिलजावां, संदेशें आते है,आवो जी पधारों म्हारे देश,रूणझुन बाजे घूघरा, काल्यों कूद पड़यों मेला में कालबेलिया नृत्य, स्काउट गाईड के बच्चों ने नृत्य की एक से बढ़ कर एक प्रस्तुतियों पर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

# यूईएम जयपुर ने एक दिवसीय संगोष्ठी का किया आयोजन

## आर्टिफिशल इंटेलिजेंस वरदान या अभिशाप विषय पर संगोष्ठी हुई आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर ने सोमवार को अकादमिक बिल्डिंग-क् यूईएम कैंपस, जयपुर के बेसमेंट सभागार में "आर्टिफिशल इंटेलिजेंस या वरदान अभिशाप" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता डेटा इंजिनियस ग्लोबल लिमिटेड के सीईओ और संस्थापक डॉ. अजय डेटा रहे। डॉ. डेटा ने "आर्टिफिशल इंटेलिजेंस" के विभिन्न उपयोगों और जनता के सामान्य जीवन में इसके व्यापक उपयोग पर विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को एआई आधारित मॉडलों और अनुप्रयोगों के उपयोग से संबंधित अच्छी और सबसे खराब योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र के उद्योग जगत के नेताओं के साथ "नैतिक और जिम्मेदार एआईः लाभकारी भविष्य की राह पर चलना" पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गयी। पैनल डिस्कशन कार्यक्रम में मुकेश चौधरी- संस्थापक एवं सी.ई.ओ. साइबरॉप्स, मनीष कुमावत - आरएसएम यूएस एलएलपी में प्रबंधक, पुलिस ट्रेनर, प्रतीक अग्रवाल, इन्फोओब्जेक्ट्स इंक में टीम लीड, मुनेश जादौन- सीईओ जेडनेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, डॉ एन सी निठारवाल- निदेशक - जनकल्याण एंड जे के हॉस्पिटल, अभिषेक गोयल- सोशलवेन्स के संस्थापक और सीटीओ एवं पैनल मॉडरेटर - प्रो. (डॉ.) विश्वजॉय चटर्जी, कुलपति, यूईएम जयपुर रहे। उक्त सेमिनार में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षकों के साथ-साथ इंजीनियरिंग और अन्य पाठ्यक्रमों के 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने संगोष्ठी की सराहना की और अपने कई प्रश्नों का समाधान किया। इस सेमिनार का फोकस उस प्रभाव के विश्लेषण पर होगा जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, थ्री डी प्रिंटिंग, ब्लॉकचैन और क्रिप्टोग्राफी, रोबोटिक्स, मेटावर्स आदि का असर जॉब मार्केट पर पड़ेगा। यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्किंग के लिए एक उत्कृष्ट मंच भी प्रदान करेगा। सेमिनार के साथ ही इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी आयोजित की गयी जिसमे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआर/वीआर, रोबोटिक्स, आईओटी, थ्रीडी प्रिंटर, ड्रोन आदि पर आधारित प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में प्रो डॉ प्रदीप कुमार शर्मा -रजिस्ट्रार, प्रो डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी -डीन व अनेको विभागों के प्रमुखो के साथ साथ शिक्षक व स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहें।





गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

RNI : RAJHIN13216/2005
दैनिक
गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
दे सलामी इस तिरंगे को,
जिससे तेरी शान है,
सिर हमेशा ऊंचा रखना इसका,
जब तक दिल में जान है
"आजादी आपके अस्तित्व को निखारती है, आज़ादी ही आपको जीवन जीना सिखाती है।"
स्वतंत्रता दिवस

महिलाओं के खिले चेहरे...

# जोगिंदर सिंह अवाना ने नदबई में 'इंदिरा गांधी स्मार्टफोन' योजना का किया शुभारंभ

## समारोह में मौजूद महिलाओं और छात्राओं में जबरदस्त क्रेज





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना 2023 का नदबई में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने नदबई में महात्मा गाँधी विधालय में बड़ी संख्या में मौजूद लाभार्थियों की उपस्थिति में योजना का शुवरम्भा किया वही मौजूद लोगो ने विधायक का माला साफा पहना कर स्वागत और विधायक सहित मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया वही विधायक ने पात्र लाभार्थियों को सरकार द्वारा जारी स्मार्टफोन वितरित किये और विधायक ने मौजूद लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य की काँग्रेस सरकार किसान गरीब हितैसी सरकार है सरकार ने बहुतसी जनकल्याणकारी योजना चला रखी है उन्ही योजनाओं में एक इंदिरा गाँधी स्मार्टफोन योजना है इसमें राजस्थान सरकार ने बजट 2022-23 में चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखीयाओ को स्मार्ट फोन मय इंटरनेट कनेक्टि्वटी उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना की शुरूआत की गई है इस योजना के प्रथम चरण में बहन बेटियों के पावन पर्व राखी से पूर्व चिरंजीवी परिवारों की सरकारी विद्यालयों में 9 वी से 12वीं कक्षा में अध्यनरत छात्राओ, सरकारी उच्च शिक्षण संस्थान, सरकारी महाविद्यालयों की, आईटीआई , पॉलिटेक्निक आदि में अध्यनरत चिरांवीजी परिवारों की छात्राए, एकल/विधवा पेंशन प्राप्त कर रही महिलाएं, नरेगा योजना में विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 100 दिवस पूर्ण कर चुकी चिरंजीवी परिवारों की महिलाओं सहित शहरी नरेगा में विगत वर्ष 2022-23 में 50 दिवस का कार्य पूर्ण कर चुकी महिलाएं को प्रथम चरण में स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे है ऐसे ही बाकी सभी को आगे वितरित किये जायेंगे।

**मिला धन्यवाद :**

**महिलाओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष अवाना को बोला थैंक्स**

वही नदबई में 7066 ऐसे पात्र लाभार्थी हैं विधायक ने इनमें से पंजीयन करा चुकी लाभार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए और शिविर में मौजूद अधिकारी और कर्मचारियों को सख्त से सख्त निर्देश दिए कि कोई भी पात्र लाभार्थी इस योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए विधायक ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूद जनप्रतिनिधियों से प्रचार प्रसार करने की अपील इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी ललित मीना, तहसीलदार कैलास गौतम, विकास अधिकारी सौदान सिंह, मुकुट सिंह, नदबई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, सुरेश भातरा, दिलीप सिनसिनवार, हारभान सरपंच, रंधीर खटोटी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## गहलोत ने फिर दी कई सौगात: 22 जिलों में बिछेगा सड़कों का जाल




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव के दिन नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे प्रदेश में सौगातों की छड़ी सी लगी हुई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 22 जिलों में सड़कों का जाल बिछाने के लिए 462 करोड़ रुपए स्वीकृत किए है। साथ ही जोधपुर जिले के गगाड़ी-ढाढणिया-आगोलाई में राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाने का ऐलान किया है। सीएम गहलोत के इस फैसले से 28 गांवों में पानी की समस्या दूर होगी और 37 हजार से अधिक लोगों को राहत मिलेगी। इसके अलावा तारानगर के 10 हजार हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र में माइनरों का निर्माण करवाने का निर्णय लिया है।













# कॉलेज छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली

## कॉलेज स्टाफ भी सम्मिलित












सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** कस्बे में अलवर सड़क मार्ग पर स्थित हेमलता मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज की सहित अन्य निजी शिक्षण संस्थान द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत सोमवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे लगाए। तिरंगा रैली में शामिल छात्राओं ने कस्बेवासियों से अपने घरों पर 15 अगस्त को तिरंगा लगाने का आह्वान किया। तिरंगा रैली महाविद्यालय से शुरू होकर कस्बे के मुख्य बाजार होते हुए ग्राम पंचायत मिनिसचिवालय पहुँचकर संपन्न हुई। यहाँ छात्राओं को तिरंगे का महत्व एवं ध्वजारोहण से जुडी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसके उपरांत राष्ट्रगान गायन किया गया। इस मौके एनएसएस प्रभारी अनिल कुमार, अनीता यादव, कमलेश सैनी, बाबूलाल यादव, संदीप कुमार, प्रहलाद सैनी, रिंकू स्वामी, नवीन सहित बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल हुई।




*बाबा अमरनाथ कांवडिया संघ चौमूं के कार्यकताओं द्वारा...*

# कावड़ यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** बाबा अमरनाथ कांवडिया संघ चौमूं द्वारा 21 अगस्त 2023 को श्रीमालेश्वर महादेव मंदिर म्हार कलां से चौमूं तक आने वाली कावड़ यात्रा की सुरक्षा, कानून, चिकित्सकीय व्यवस्था व अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ को कांवडिया संघ के कार्यकताओं द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ ने कावड़ यात्रा के पोस्टर का विमोचन भी किया।




# विभाजन की विभीषिका प्रदर्शनी का करवाया अवलोकन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधान डाकघर में आयोजित भारत पाकिस्तान विभाजन की विभीषिका प्रदर्शनी में सोमवार को विस्थापन का दंश झेल चुके वयोवृद्ध व्यक्तियों को अवलोकनार्थ आमंत्रित किया गया एवं उन्हे प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया गया एवं साथ ही उन्हे विभाजन विभिषिका पर भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई, विशेष डॉक्यूमेन्ट्री भी दिखाई गई। इस अवसर पर हरमिन्दर सिंह एवं गुरु संगत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे । जिन्होने स्वयं विस्थापन का दर्द झेला है। इनके अतिरिक्त लक्षमण सिंह , त्रिलोचन सिंह , साहिब सिंह , अध्यक्ष सिख समाज ब्यावर एवं पवन ज्योत सिंह जी, सचिव सिख समाज ब्यावर भी उपस्थित रहे। वी. एस. जैन, अधीक्षक डाकघर ब्यावर वी.एल. मीणा, सहायक अधीक्षक डाकघर ब्यावर मुख्यालय, भूर सिंह मीणा, सहायक अधीक्षक ब्यावर उपखण्ड, पीयूष बंसल, कार्यवाहक निरीक्षक परिवाद, भी उक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।






# बीकानेर में बीएसएफ ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजे भारत माता के जयकारें

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेजर पूर्ण सिंह सर्किल से बीएसएफ ने तिरंगा यात्रा निकाली। मोटरसाइकिल यह यात्रा मेजर पूर्ण सिंह सर्किल से रवाना होकर होटल ढोला मारू, पीबीएम अस्पताल, अंबेडकर सर्किल, बोथरा कॉम्पलेक्स, केईएम रोड, सादुल सिंह सर्किल, जूनागढ़, पब्लिक पार्क, सर्किट हाउस होते हुए वापस मेजर पूर्ण सिंह सर्किल पहुंची। मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। वहीं इस दौरान केईएम रोड पर एक महिला ने बीएसएफ के डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यही है हमारे सच्चे सपूत है। बता दें की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश भर में घर-घर तिरंगा अभियान के तहत बीएसएफ द्वारा यह तिरंगा यात्रा निकाली।






## कई रोगों के निदान हेतु निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

# किया नमन : द्वितीय पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

**हरिओम मेडिकल्स एंड होम्योपैथी स्टोर द्वारा हुआ आयोजन**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** शहर में सोमवार को हरिओम मेडिकल्स एंड होम्योपैथी स्टोर के संस्थापक रामनिवास कुमावत के द्वारा माताजी स्व. संतरा देवी की द्वितीय पुण्य तिथि पर हरिओम होम्योपैथिक मेडिकल के तत्वाधान में झोटवाड़ा कांटा चौराहा कंचन दीप मैरीज गार्डन के सामने निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्व. संतरा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। डॉ. ऋषिकेश शर्मा, अरविंद कुमावत, डॉ. आर. के. कोटवाल ने संयुक्त रूप से अपनी सेवायें दी। शिविर में लगभग सेंकड़ों मरीजों का निःशुल्क परीक्षण करके होम्योपैथिक दवा दिया गया। डॉ. ऋषिकेश शर्मा ने भी माताजी के जीवनी का व्याख्यान किया और संस्थापक रामनिवास कुमावत ने कहा कि माता जी का जीवन हमेशा लोगों की निःस्वार्थ सेवा के लिए ही समर्पित था और उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए मैं उनकी पुण्यतिथि पर हर वर्ष निःशुल्क चिकित्सा सेवा का कैंप लगाता हूं। ज्यादा से ज्यादा जरूरत बंदों की सेवा करना मेरा उद्देश्य है। इस तरह के आयोजन से समाज में एक अलग ही संदेश जाता है। शिविर में मुहाँसे, मोटापा, बाल झड़ना, स्त्री रोग, खून की कमी कमर दर्द, चकर आना, गठीया बाय, साइनस, माइग्रेन बच्चे दानी में गांठे, पाइल्स रोग, पुरुष रोग, बच्चों के रोग डेंगू, चिकन गुनियां, वजन, लम्बाई, चर्म रोग, बी.पी., शुगर साईटिका आदि रोगो का उपचार किया गया।





# गौ सेवा ही मेरे जीवन का प्रमुख उद्देश्य : शास्त्री



**गौसेवा हेतु गौ दान राशि भी की भेंट**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रेनवाल।** किशनगढ़ रेनवाल गो मित्र मंडल समिति को राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य गुरुदेव चंद्र प्रकाश शास्त्री खाचरियावास ने एक्सीडेंट व बीमार गौमाता की सेवा के लिए एक मशीन एवं अलमारी भेंट की एवं गौ माता की दवाइयों के लिए 22 हजार का नगद सहयोग किया। शास्त्री ने बताया कि जीवन में धन की तीन गती है भोग, दान और नास। जीवन को सुखमय जीवन जीना है तो जीवन में गौ माता की सेवा करनी चाहिए। चंद्र प्रकाश शास्त्री भारत के 28 राज्यों में गौ माता की सेवा के लिए एंबुलेंस भी देंगे। शास्त्री ने थोड़े दिनों पहले आसाम क्षेत्र के सिलचर गौशाला को एंबुलेंस भेंट की। शास्त्री ने अपने जीवन का उद्देश्य गौ माता की सेवा ही बना लिया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष अशोक जी आसावा, महेश मालपानी, हरी ओम पटवा भरत, गजेंद्र सिंह शेखावत, गो सेवक हरि ओम ग्यारसी लाल प्रजापत, मुकेश प्रजापत, ओम प्रकाश भार्गव, सुरेंद्र दायमा, दुर्गेश कुमावत, महेंद्र बाकोलिया गो मित्र मंडल समिति के सभी सदस्य गौ सेवक उपस्थित रहे।







## राजाखेड़ा थानाधिकारी रामखिलाडी मीणा की सक्रियता ने असामाजिक तत्वों में मचाई खलबली





सितारा न्यूज नेटवर्क

**राजाखेड़ा/अंकित गोयल।** राजाखेड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब के मामले में अलग- अलग चार जगहों से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से कब्जे से कुल 237 पव्वा देशी शराब बरामद की है । अवैध शराब के मामले को राजाखेड़ा थानाधिकारी रामखीलाडी मीणा ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देशन में एवं मनोज गुप्ता सीओ वृत मनियां के निकटतम सुपरविजन में लोकल एवं स्पेशल एक्ट और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा चार अलग अलग स्थानों से पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें खूबीराम पुत्र जसराम जाति कोली निवासी मनिहार गली राजाखेड़ा, गुड्डू पुत्र विशंभर जाति जाटव निवासी मिठावली थाना राजाखेड़ा, लायक सिंह पुत्र अमरसिंह जाती ठाकुर निवासी दिघी थाना राजाखेड़ा, सरनाम पुत्र नत्थीलाल जाति ठाकुर निवासी वार्ड न 17 थाना राजाखेड़ा और रामदत्त उर्फ.सोनू पुत्र तेजपाल उर्फ तेजा जाति ठाकुर, निवासी बसई घीयाराम थाना राजाखेड़ा को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कार्यवाही करने वाली टीम में थानाधिकारी रामखिलाडी मीणा के साथ एएसआई लालमन सिंह, राजेश कुमार, शिवकुमार, आनंद दुबे, सुरजभान, प्रशांत, मुकेश कुमार, चंद्रपाल, उदयवीर, अर्जुन, नेत्रपाल, यतेंद्र चौधरी, बलवीर, विनोद, चालक कृष्णा गुर्जर आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।










गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## तिब्बती मार्केट बनाने के लिए दिया धन्यवाद

# निर्वासित तिब्बती समुदाय के सांसदों ने की आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा से मुलाकात





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। निर्वासित तिब्बती समुदाय के सांसदों ने मण्डल मुख्यालय में आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा से मुलाकात की और तिब्बती समुदाय के व्यापारियों के लिए मानसरोवर में तिब्बती मार्केट बनाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल और आवासन आयुक्त को धन्यवाद दिया। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि तिब्बती समुदायों के सांसदो से हुई वार्ता में उन्होंने सन 1987 से पहले भारत में रह रहे तिब्बतीयों को भारतीय मानते हुए उनके उत्थान के लिए मांग की हैं और साथ ही मुख्यमंत्री से मिलकर राजस्थान के विभिन्न शहरों में प्राधिकरणों एवं निकायों द्वारा तिब्बती मार्केट विकसित करने की मांग करेंगे। इस अवसर पर सचिव अल्पा चौधरी, तिब्बती समुदाय के सांसद डोरजी त्सेतन, त्सेरींग ल्हामो, डीएस रावत एवं ओपी त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पंचाग

दिनांकः 15 अगस्त 2023 मंगलवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | चतुर्दशी | 12:42:08 | |
| पक्ष | कृष्ण | | |
| नक्षत्र | पुष्य | 13:57:26 | |
| योग | व्यतिपत17:31:01 | | |
| करण | शकुनी | 12:42:08 | |
| करण | चतुष्पद | 25:53:52 | |
| चन्द्र राशि | कर्क | | |
| सूर्य राशि | कर्क | | |
| दिशा शूल | उत्तर | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:59:18 | |
| सूर्यास्त | 19:03:06 | | |
| चंद्रोदय | 06:26:09 | | |
| चंद्रास्त | 18:46:54 | | |
| राहू काल | 15:47-17:25 | | |
| अभिजित | 12:06-12:58 | | |
| शुभ चोघडिया | | | |
| चर | 09:15-10:53 | | शुभ |
| लाभ | 10:53-12:31 | | शुभ |
| अमृत | 12:31-14:09 | | शुभ |
| शुभ | 15:47-17:25 | | शुभ |



विशेष जानकारी:-
पितृकार्य अमावस्या:-आज
77 वें स्वतंत्रता दिवस:-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

### जमवारामगढ़ विधानसभा से युवा नेता रामस्वरूप मीणा टिकट की दौड़ में

# भाजपा चल सकती है विधानसभा चुनाव में युवाओं को मौका देकर चाल




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। राजस्थान में चुनावों की रणभेरी आरम्भ हो गई कई दिग्गज ठोक रहे अपनी अपनी ताल विधानसभा में लगने लगे है अपने अपने नाम के होर्डिंग और जनसम्पर्क के माध्यम से अपने आप को किया जा रहा है मजबूत ऐसा ही देखा गया विधानसभा जमवारामगढ़ में युवा और चर्चित चेहरा रामस्वरूप मीणा का दबदबा मतदाताओं में भी रामस्वरूप के प्रति देखने को मिले रुझान। विधानसभा जमवारामगढ़ में रामस्वरूप मीणा अपनी प्रबल दावेदारी कर रहे है। मीणा क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी है।जिनको युवाओं सहित महिला बुजुर्गों द्वारा क्षेत्र से दावेदारी करने का समर्थन मिल रहा है। क्योंकी रामस्वरूप युवा नेता के साथ सर्वसमाज के हितैषी बने हुए है।राजस्थान में भाजपा के विपक्ष में होने के बावजूद भी मीणा ने क्षेत्रवासियों के विकास में अहम भूमिका निभा रहे है। जिससे उन्होंने क्षेत्रवासियों के दिलों पर अपना राज किया हुआ है। वही डिजिटल युग मे सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया पर इनका नाम काफी प्रचलित है और सोशल मीडिया पर भी जोरों से विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव मिल रहा है। यह अपने समाज के साथ ही 36 कोम को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते है। आप को बता दे रामस्वरूप के पिता लादूराम क्षेत्र में जाने माने है उनकी सर्वसमाज अच्छी पकड़ होने के राजनीति में अच्छी पकड़ है उम्र और स्वास्थ्य की वजह से वह अपने बेटे रामस्वरूप को आमजन की सेवा के लिए लगा रखा है मीणा ने शिक्षा में एम.ए राजनीतिक विज्ञान से कर रखी है जो ग्राम नारदपुरा पंचायत सायवाड के मूलतः निवासी है। जिससे इनके विधानसभा जमवारामगढ़ में मजबूत सम्बंध बने हुए हैं। राजनीतिक दृस्टि में वर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा एसटी मोर्चा उत्तरप्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अलवर प्रभारी एसटी मोर्चा, ऐसे तमाम पद इन्हें भाजपा पार्टी से मिले हुए हैं जिन्हें यह बखूबी अपनी मेहनत लग्न से निभा रहे है। किसान परिवार में जन्मे किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले मीणा सदैव किसानों के अग्रणी रहने वाले दिन रात मेहनत कर क्षेत्र में समाजसेवा कार्य कर प्रमुख समाजसेवी बने हुए हैं और अपने बिजनेस से भी अच्छी पहचान बना प्रमुख बिजनेसमैन में शामिल है और अपनी एक नई ही पहचान बना रखी है हमेशा गरीब परिवारों की मदद कर उनके हितैषी बने रहते है। निर्धन बेसहारा परिवारों के लिए सदैव उनको सहायता पहुचाने के लिए तैयार रहते है रामस्वरूप का कहना है कि जनता से मिल रहे अपार समर्थन जिसमें युवा महिला बुजुर्ग सर्वसमाज 36 कोम की मांग पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा हूं यदि पार्टी टिकट देकर मौका देती है निश्चित जीत हासिल करूँगा।



### पिछले विधानसभा चुनाव पार्टी के उम्मीदवार की हुई थी हार पार्टी कर सकती हैं बड़ा निर्णय युवा रामस्वरूप को मिल सकता है टिकट

प्रदेश की जमवारामगढ़ विधानसभा सीट पर जीत हासिल करने के लिए प्रदेश बीजेपी के रणनीतिकार प्रत्याशी के चयन में फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहे हैं, पार्टी के सूत्रों के मुताबिक इस बार भाजपा पार्टी का दिल्ली दरबार सिर्फ जिताऊ और मजबूत लोकप्रिय स्थानीय नेता को ही टिकट देने के फामूर्ले पर आमादा है, इस बार टिकट वितरण में किसी बड़े नेता की सिफारिश को तवज्जो देने के बजाय क्षेत्र के लोकप्रिय व्यक्ति को ही टिकट देने के फामूर्ले पर टिकट का वितरण किया जाएगा, इसलिए इस बार जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हर जाति और बिरादरी के लोगों में अच्छी पकड़ और छवि रखने वाले कर्मठ भाजपा नेता को ही टिकट देने की बात कही जा रही है। जमवारामगढ़ क्षेत्र के लोगों से भी गुपचुप में प्रत्याशी चयन के संदर्भ में सलाह मशवरा किया जा रहा है। जमवारामगढ़ के भाजपा में और स्थानीय नागरिकों में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हलचलें तेज हो गई हैं। जमवारामगढ़ के शहर और ग्रामीण इलाकों में समाजसेवी व भाजपा नेता रामस्वरूप मीणा का नाम भी दावेदारों में प्रमुखता से आजकल छाया हुआ है। हालांकि अभी तक मीणा ने चुनाव लड़ने के बारे में कहा कि पार्टी का निर्णय सर्वोपरि होगा। अगर मुझे मौका मिलेगा तो में चुनाव लड़ूंगा।लेकिन जिस तरह से जमवारामगढ़ के सभी क्षेत्रवासियों ने मीणा पर सभी जाति और बिरादरी के लोग रामस्वरूप पर चुनाव लड़ने का जबरदस्त दबाव बना रहे हैं उससे जमवारामगढ़ के राजनीतिक गलियारों में चर्चा होने लगी है कि स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं के चलते मीणा पर बीजेपी पार्टी यहां बड़ा दांव खेल सकती है। गत विधानसभा चुनाव में जमवारामगढ़ से बीजेपी के टिकट से चुनाव लड़े प्रत्याशी की हार हुई थी और कांग्रेस प्रत्याशी की जीत जिससे भाजपा अबकी बार स्थानीय और युवा को मौका दे सकती है यदि पार्टी ने यह फामूर्ला अपनाया तो रामस्वरूप को टिकट मिलना भी सम्भव माना जा रहा है रामस्वरूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े कार्यकर्ता है करीब 20 वर्षो से संघ के साथ जुड़े हुए है।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का धरना प्रदर्शन 16 से 18 तक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई/हेमंत शर्मा**। जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने बताया कि संगठन द्वारा चलाए जा रहे चरणबद्ध'आंदोलनों की श्रृंखला में अब तक क्रियान्वित हुए आंदोलनों में विभिन्न चरणों के पश्चात भी सरकार का शिक्षकों की वाजिब मांगों के समाधान के प्रति कोई सकारात्मक दृष्टिकोण नजर नहीं आ रहा है।

अतः राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की संघर्ष समिति व स्थाई समिति द्वारा आंदोलन तीव्र करने का निर्णय लिया गया है। संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश शर्मा व मंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रस्तावित निर्णय अनुसार दिनांक 16 ,17 व 18 अगस्त 2023 को शहीद स्मारक जयपुर पर प्रातः 10:00 से सांय 4:00 तक क्रमिक धरना दिए जाने एवं धरने के अंतिम दिवस 18 अगस्त को माननीय शिक्षा मंत्री के निवास पर उनका घेराव किए जाने का कार्यक्रम निश्चित हुआ है। जिला संगठन मंत्री राजकुमार नेतावाला ने बताया कि दिनांक 16 अगस्त को जयपुर संभाग ,दिनांक 17 अगस्त को अजमेर संभाग व दिनांक 18 अगस्त को शेष संभागो द्वारा शहीद स्मारक जयपुर पर प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक क्रमिक धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र जांगिड़ ने बताया कि दिनांक 16 अगस्त को दौसा जिले से लगभग 150 शिक्षक इस आंदोलन मे भाग लेंगे ।

## श्री श्याम मंदिर कमेटी ने 10 लाख रुपए राजकीय विद्यालय में कक्षा कक्ष के निर्माण के लिए किए भेंट



सितारा न्यूज नेटवर्क

**खाटूश्यामजी/विनोद धायल**। खाटूश्यामजी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने बड़ा दिल दिखाते हुए लिखमा का बास की सरकारी स्कूल को 10 लाख रुपए दिए हैं। अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने यह राशि राजकीय विद्यालय में कक्षा कक्ष निर्माण के लिए दी है। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि लिखमा का बास की सरकारी स्कूल में कक्षा का निर्माण की आवश्यकता थी।

### सम्मान ना करने पर है बड़ा अपराध

# ये है शान : भारत के राष्ट्रगान व झंडे का करना चाहिए सम्मान



विशेष लेख
भँवर लाल टांक

सितारा न्यूज नेटवर्क

भारत का राष्ट्रीय झंडा, राष्ट्रगान भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, पिछले दशकों में सशस्त्र बलों के कार्मिकों सहित अनेक लोगों ने इस तिरंगे को पहराते रहने का गौरव प्रदान करने के लिए स्वेच्छा पूर्वक अपने जीवन का बलिदान दिया है` राष्ट्रीय झंडे के लिए सभी के मन में प्रेम, आदर और निष्ठा है` फिर भी राष्ट्रीय झंडे को फहराने के बारे में कानून, प्रथाओं और परंपराओं की जानकारी का अभाव देखने में आया है` यह अभाव न केवल लोगों में बल्कि सरकारी संगठनों एवं एजेंसी में भी पाया गया है` सुविधा के लिए भारतीय झंडा, राष्ट्रगान संहिता बनाई गई है राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण संशोधन अधिनियम 2003 द्वारा कोई भी व्यक्ति जो किसी सार्वजनिक स्थान पर या किसी भी ऐसे स्थान पर सार्वजनिक रूप से भारतीय राष्ट्रीय झंडे उसके किसी भी भाग को जलाता है , विकृत करता है, दूषित करता है, कुरूपित करता है, नष्ट करता है, कुचलता है या उसके प्रति अनादर प्रकट करता है मौखिक, लिखित शब्दों में या कृत्यो अपमान करता है, तो उसे तीन वर्ष तक के कारावास से या जुमार्ने से या दोनों से दण्डित किया जायेगा।

### भारतीय झंडे के अपमान निम्नलिखित होगा

*भारतीय राष्ट्रीय झंडे का घोर अपमान या अनादर करना ।
*किसी व्यक्ति या वस्तु को सलामी देने के लिए झंडे को झुकाना।
* सरकार द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार जिन अवसरों पर सरकारी भवनों पर भारतीय राष्ट्रीय झंडे को आधा झुकाकर फहराया जाता है उन अवसरों के सिवाय झंडे को आधा झुका कर फहराना।
* राष्ट्रीय अन्तेषिटियो सशस्त्र बलों या अन्य अर्धसैनिक बलों की अन्तेषिटियो को छोड़कर किसी अन्य रूप से लपेटने के लिए प्रयोग करना।
* भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का किसी भी प्रकार की ऐसी वेशभूषा, वर्दी या उप साधन के जो भी किसी व्यक्ति की कमर से नीचे पहना जाता है किसी भाग के रूप में या कुशनो, रूमालो, नैपकिनो, अधोवस्त्रो या किसी पोशाक सामग्री पर कशीदाकारी या छपाई करके प्रयोग करना।
* भारतीय राष्ट्रीय झंडे पर किसी प्रकार का उत्कीर्पन करना।
* गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस सहित विशेष अवसरों पर समारोह के लिए एक अगं के रूप में भारतीय राष्ट्रीय झंडे को फहराए जाने से पूर्व उसमें फूलों की पंखुड़ियां रखे जाने के सिवाय भारतीय राष्ट्रीय झंडे को किसी वस्तु को प्राप्त करने, देने, या ले जाने वाले पात्र के रूप में प्रयोग करना।
* किसी प्रतिभा या स्मारक या वक्ता की मेज या वक्ता के मंच को ढकने के लिए भारतीय झंडे का प्रयोग करना।
* जानबूझकर केसरी पट्टी को नीचे रखकर झंडे को फहराना।
*जानबूझकर राष्ट्रीय झंडे को जमीन या फर्श से छूने देना या पानी पर घसीटने देना।
* राष्ट्रीय झंडे को किसी भवन में पर्दा लगाने के लिए प्रयोग करना।
* राष्ट्रीय झंडे को किसी वाहन, रेलगाड़ी, नाव, या किसी वायुयान या किसी अन्य वस्तु के हुड, टाप, बगल या पिछले भाग पर लपेटना।

### राष्ट्रगान में बाधा

कोई भी जानबूझकर जन गण मन के गायन को रोकता है या इस तरह के गायन में लगी किसी भी सभा में गड़बड़ी का कारण बनता है, तो उसे कारावास से दंडित किया जाएगा ` जिसे 3 साल तक बढ़ाया जा सकता है, या जुमार्ना दोनों संविधान का भाग (4) अ भारतीय नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को निर्धारित करता है, जिसमें संविधान का पालन करना और उसके आदर्शो, संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान का सम्मान करना शामिल है।

अगर राष्ट्रीय सम्मानों का सम्मान नहीं करने पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष और अन्य सरकारी अधिकारी द्वारा उल्लंघन करने पर अयोग्य ठहराया जाने के लिए उत्तरदायी है।

### राष्ट्रगान बजाने के नियम

*राष्ट्रगान जब गाया अथवा बजाया जा रहा है तो हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े रहना चाहिए।
* राष्ट्रगान का उच्चारण सही होना चाहिए व इसे 52 सेकंड की अवधि गाया जाना चाहिए
*राष्ट्रगान जब गाया जा रहा है तब किसी भी व्यक्ति को परेशान नहीं करना चाहिए` उस समय अशांति, शोरगुल अथवा अन्य गानो तथा संगीत की आवाज नहीं होनी चाहिए।
*राष्ट्रगान के लिए कभी अशोभनीय शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
* राष्ट्रगान को भारतीय संविधान सभा द्वारा 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगान के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी।

### राष्ट्रगान को किन अवसर पर गाया जाता है

* नागरिक और सैन्य अधिष्ठापन, जब राष्ट्र सलामी देता है (इसका अर्थ कि राष्ट्रपति या संबंधित राज्यो, संघ, राज्य क्षेत्रों के अंदर राज्यपाल, लेफ्टिनेंट गवर्नर को विशेष अवसरों पर राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय सलामी, सलामी - शस्त्र प्रस्तुत किया जाता हैं
***परेड के दौरान**
*औपचारिक राज्य कार्यक्रमों और सरकार द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन पर और इन कार्यक्रमों से उनके वापस जाने के अवसर पर
* ऑल इंडिया रेडियो पर राष्ट्रपति के राष्ट्र को संबोधन से तत्काल पूर्व और उसके पश्चात
*राज्यपाल /लेफ्टिनेंट गवर्नर के उनके राज्य, संघ राज्य के अंदर औपचारिक राज्य कार्यक्रमों में आगमन पर तथा इन कार्यक्रमों से उनके वापस जाने का समय *जब राष्ट्रीय ध्वज को परेड में लाया जाए *राष्ट्रगान उन अन्य अवसरों पर भी बजाया जाएगा जिनके लिए भारत सरकार द्वारा विशेष आदेश जारी किए गए हैं
*राष्ट्रगान सामूहिक रूप से गाया जाता है
*राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के अवसर पर सांस्कृतिक अवसरों पर या परेड के अलावा अन्य समारोह पूर्वक कार्यक्रमों में
* सरकारी या सार्वजनिक कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन के अवसर पर और कार्यक्रमों से उनके विदा होने के तत्काल पहले
* राष्ट्रगान को गाने के सभी अवसरों पर सामूहिक गान के साथ पूर्ण संस्करण का उच्चारण किया जायेगा
* सामूहिक गान के साथ राष्ट्रगान को गाने पर तब तक कोई आपत्ति नहीं है, जब तक इसे मातृभूमि को सलामी देते हुए आदर के साथ गाया जाए और इसकी उचित गरिमा को बनाए रखा जाऐ देश के जागरूक नागरिक होने के नाते हमें राष्ट्रगान, झंडा का सम्मान करना चाहिऐ

**दूसरी बार अपराध के लिए दंडः** *राष्ट्रीय झंडे के अपमान के लिए पहले ही दोष सिद्ध ठहराया गया हो, ऐसे किसी अपराध के लिए फिर से दोषसिद्ध ठहराया जाता है तो दूसरी बार के लिए कम से कम 1 वर्ष के लिए दंडित किया जा सकता है।

*(ये लेखक के अपने निजी विचार है)*

## भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



सितारा न्यूज नेटवर्क

**टोंक**। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान कार्यक्रम का टोंक ज़िले में सफल आयोजन हुआ। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ अलका गुर्जर की अगुआई में टोंक ज़िले में 200 वाहनो की तिरंगा रैली का आयोजन हुआ । तिरंगा रैली पर 6 बुलडोजरो से पुष्प वर्षा हुई तथा तिरंगा रैली का आगाज हुआ। रैली के दौरान अनेक स्थलों पर ग्राम वासियो ने साफा पहना कर, शौल ओढ़ाकर, राजस्थानी चुंदड़ी ओढ़ाकर तथा 51 किलो की माला पहनाकर डॉ अलका का गर्मजोशी के साथ स्वागत व सत्कार किया। तिरंगा वाहन रैली का जगह जगह ढोल नगाड़ो के साथ जोरदार स्वागत हुआ । ग्राम वसियो ने तिरंगा रैली पर पुष्प वर्षा करते हुए जोश और उल्लास के साथ स्वागत किया और देशभक्ति गीतों पर झूमते हुए आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मनाया । रैली में लोक कलाकारों ने कच्चिघोड़ी नृत्य, अलगोजा आदि का प्रदर्शन किया और युवाओ ने देशभक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया। डॉ अलका गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले 25



साल के लिए हमे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पंच प्राण पर अपनी शक्ति को केंद्रित करना होगा। 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे तब हम सभी आजादी के दिवानों को मोदी जी के नये भारत के निर्माण के सारे सपने पूरे करने का जिम्मा उठाकर चलना होगा । डॉ अलका गुर्जर ने कहा कि हर घर तिरंगा' अभियान एक जन आंदोलन बन गया है जिसमें हर कोई एकजुट होकर राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित कर रहा है। गांवों से लेकर शहरों तक, देश भर के लोग तिरंगा फहरा रहे हैं और हमारे देश के लिए बहादुरी से लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपना आभार व्यक्त कर रहे हैं। इस अभियान ने विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को प्रभावित किया है और उन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम की यादों को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# सरमथुरा में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में वक्ताओं ने भाजपा पर जमकर कसे तंज

## बसेडी विधानसभा को विकसित श्रेणी में पहुंचाने का विधायक बैरवा को दिया श्रेय

### मूलभूत सुविधाओं के साथ औद्योगिक विकास व पर्यटन को मिला बढावा

सितारा न्यूज नेटवर्क





**सरमथुरा/अंकित गोयल।** सरमथुरा के कन्हैया पैलेस में बसेडी विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष एवं बसेडी विधायक खिलाडीलाल बैरवा के सानिध्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष साकेत विहारी शर्मा ने की वही मुख्य अतिथि बसेडी विधायक खिलाडीलाल बैरवा थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए विधानसभा चुनावों में सबक सिखाने के लिए कार्यकर्ताओ को एक्टिव रहने वही प्रदेश सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। बाडी प्रधान अजयसिंह मलिंगा ने अपने पुराने अंदाज में लोगो की तकलीफों को बताते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की बौखलाहट साफ दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर जाने की बिल्कुल फुर्सत नही है, मंहगाई की खातिर आम आदमी की कमर टूटी हुई है, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी, राशन किट, महिलाओं को मोबाईल फोन एवं वृद्धावस्था पेंशन में बढोत्तरी कर राहत दी है। उन्होंने कहा कि लोगो ने सपने में भी नही सोचा होगा कि ऐसी भी सरकार आएगी जो 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा कराएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगो की भावनाओं का ध्यान रखते हुए 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख दुर्घटना बीमा कबर देकर लोगो के सपने को साकार किया है। प्रधान मलिंगा ने लोगो को धर्म के नाम पर बहकावे में नही आने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन को उद्यमी सुरेश गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि बसेडी विधानसभा का बर्ष 2008 में गठन हुआ था, जनता ने दो बार भाजपा को मौका दिया लेकिन तीसरी बार लोगो ने भाजपा के बहकावे में नही आकर खिलाडीलाल बैरवा को बागडौर सौपी। विगत चार साल में विधायक बैरवा ने विधानसभा की तस्वीर ही बदल दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों एवं बसेडी विधायक खिलाडीलाल बैरवा की कार्यप्रणाली को देख भाजपा के लोग भी जुड रहे है। सम्मेलन को बसेडी विधायक खिलाडीलाल बैरवा ने संबोधित करते हुए कहा कि बसेडी विधानसभा में सरकार ने लोगो की भावना के अनुरूप मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ औद्योगिक विकास व पर्यटन को बढावा देने के लिए कारगार कदम उठाए गए है। विधायक ने कार्यकताओं को पार्टी की रीढ की हड्डी बताते हुए कहा कि अकेला बैरवा कुछ नही कर सकता है, लोगो का भरपूर साथ मिला तो गांवो की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने उमरेह का उदाहरण देते हुए कहा कि जहां पहले एक चार पहिया वाहन निकलना मुश्किल था। गांव के लोगो ने सहयोग किया तो गांव की तस्वीर बदल गई। जो आज बसेडी विधानसभा का सबसे विकसित गांव की श्रेणी में आ गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, बिजली, पानी गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। सरकार ने लोगो को राहत देने के लिए राशन किट, महिलाओं को मोबाईल, वृद्धावस्था पेंशन में इजाफा कर ऐतिहासिक निर्णय किया है जिससे गरीब परिवारों को बहुत राहत मिली है। बसेडी विधायक ने केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि देश में नफरत का बीज बोया जा रहा है। धर्म के नाम पर लोगो को लडाया जा रहा है। भाजपा सत्ता में आने के लिए कही दंगे करा रही है तो कही केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। लोगो को भाजपा से डरने की जरूरत नही है, प्रदेश में लोगो ने कांग्रेस की सरकार को रिपीट करने का मानस बना लिया है। विधायक बैरवा ने कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए विधानसभा चुनावों में जुटने के लिए प्रेरित किया सम्मेलन को बद्रीसिह परमार ने संबोधित कर बसेडी विधायक की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को बैरवा बनकर विधानसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम को कांग्रेस जिलाध्यक्ष साकेतत विहारी शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, विधानसभा प्रभारी सुरेश भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष बसेडी रामखिलाड़ी, सरमथुरा रामभरोसी, पूर्व प्रधान उदयभान सिह व सरमथुरा चेयरमैन जलालुद्दीन खान आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर शशांक कौशिक, सत्येन्द्र कौशिक, सरपंच सीताराम गुर्जर, मुस्लिम समाज अध्यक्ष भुट्टो खान, भगवान लाल गर्ग, वीरेंद्र गोयल, बीरबल मीणा, सागर मीणा, संतोष पंडित सहित सरमथुरा एवं बसेडी ब्लॉक के पांच हजार से अधिक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन विष्णु मीणा कांकरेट ने किया।

# बीजेपी महिला मोर्चा राजाखेड़ा ने निकाली गई तिरंगा यात्रा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**राजाखेड़ा/अंकित गोयल।** भारतीय जनता पार्टी राजाखेड़ा महिला मोर्चा द्वारा राजाखेड़ा शहर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । तिरंगा यात्रा के तहत नारी शक्ति ने राजाखेड़ा बछेकी मंदिर पर एकत्रित होकर के पंचमुखी हनुमान मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकाली तथा तिरंगे की आन बान शान की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहने के लिए कहा।इस अवसर पर तिरंगा यात्रा की जिला संयोजक वंदना शिवहरे, शिप्रा गर्ग, ललिता यादव, रानी यादव, उर्मिला यादव, संजू सिंह मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा नाहिला, सपना ठाकुर, पूजा कुशवाहा, प्रीति ठाकुर, सुधा सेजवार, मीना शर्मा, ज्योति ठाकुर, भारती, छाया वर्मा, आरती एवं अन्य महिलाएं तथा अन्य कार्यकताओं ने भी सहयोग किया 1जिनमें जिला उपाध्यक्ष नागवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष मधुसूदन, सत्यराम शर्मा, मुन्ना लाल शर्मा, गिर्राज सिंह, मुकेश बघेल, संजू उदैनिया, रामखिलाड़ी पाराशर, दामोदर सिंह, असर्फी सिंह जादौन, रूप सिंह, मोहनप्रकाश, अवधेश, राजन ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# लक्ष्मणगढ़ शहर कांग्रेस कमेटी की नवीन कार्यकारिणी घोषित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष मास्टर छोटेलाल ने लक्ष्मणगढ़ शहर कांग्रेस कमेटी की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रवक्ता इकबाल खान ने बताया कि कार्यकारिणी में मास्टर छोटेलाल अध्यक्ष, मीना गुप्ता, शेर सिंह मीणा, शिवलाल चौधरी, बनवारीलाल जाटव व अशरफ खान को उपाध्यक्ष तथा महेश बुंदेला, प्रेम सैनी, साकिर खान, जोमदीन, मुकेश पाराशर और मोहम्मद रफीक को शहर महासचिव बनाया है। इसी तरह भारत भूषण, राजेश वर्मा, मौसम खान, सुनील कुमार मीणा, नीरज कुमार बेरवा तथा राम भरोसी शर्मा को कमेटी का सचिव बनाया है। इसी तरह विजय कुमार तिवाडी को संगठन मंत्री, इकबाल खान को प्रवक्ता तथा सोनू वर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वही बंशीराम राम मीणा, घनश्याम सैनी, आशु, अंकित अग्रवाल, जहीर, राहुल बुंदेला, सुमेर खान, रवि कुमार वाल्मीकि, यश विजय, दिव्यांश, शौकीन खान, लोकेश योगी, विश्वेंद्र मीणा, शाहिद खान, ईफ्तार खान, शब्बीर, आशु, गंगा लहरी प्रजापत, साहून, अरशद तथा भूप सिंह वाल्मीकि को कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया है। इधर पूर्व सरपंच बच्चू तिवाड़ी, प्रहलाद नारायण शर्मा, लल्लूराम सैनी, भगवान विजय, नूतन शर्मा, गणेश इंदौरिया, हीरालाल सैनी, जकावत खान, रामचरण साहू, विकास बेरवा को कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

## तिरंगा वाहन रैली का हुआ भव्य आयोजन

# आर्य समाज व शिक्षण संस्थाओं ने तिरंगा रैली का देशभक्ति नारों के साथ किया भव्य स्वागत





सितारा न्यूज नेटवर्क




**ब्यावर, ब्यूरो चीफ (अनिल सिखवाल)।** देश मे आजादी के मनाये जा रहे अमृत महोत्सव वर्ष के समापन पर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ब्यावर भाजपा द्वारा विशाल तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा के सानिध्य में रैली की पूर्ण तैयारी करके आयोजन किया गया वरिष्ठ नेताओं को बहुत सी जिम्मेदारिया सौंपी गई । तिरंगा रैली के सयोंजक नवल मुरारका के अनुसार गिब्सन होस्टल में रैली हेतु एकत्रित हुए एकत्रिकरण के बाद 3.30 बजे अंतरास्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के परम पूज्य संत गोपालराम महाराज तिरंगा दिखाकर रवाना किया यह रैली गिब्बसन हॉस्टल से रवाना होकर राजा जी का चौराहा, मालियान चौपड़, सनातन स्कूल चौराया, चमन चौराहा, कुमारानन्द सर्किल, अंबेडकर सर्किल, गांधी सर्किल, कोठी चौक, श्रद्धानंद बाजार, लोहारन चोपड़, भारत माता सर्कल, महादेव जी की छतरी, गोपाल मोहल्ला चौराहा, अजमेरी गेट,पटवार घर, प्रश्न गणपति मंदिर, सूरजपोल गेट, तेजा चौक, भारत माता सर्कल, सुनारण चौपड़, तेलियान चौपड़, भाभियांन होद होती हुई । गिब्सन होस्टल में समापन हुई, मुरारका ने बताया कि रैली को लेकर आमजन अपार जोश व उत्साह देखा गया है रैली का स्वागत मुख्य चौराहों पर समाज व संस्थाओ द्वारा जोरदार किया गया रैली में देवीशंकर भूतड़ा , जिला अध्यक्ष, विधायक शंकर सिंह रावत, सभापति नरेश कनौजिया का आर्य समाज ब्यावर पदाधिकारी - ओमप्रकाश नवाल, प्रधान, मंत्री भूदेव आर्य, अभिमन्यु गहलोत, लालचंद हेडा , राजेंद्र काबरा, अभय देव आर्य, बृजेश मालू आदि ने दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को स्मरण दिवस के रूप में मनाए - डा. डी पी शर्मा

सितारा न्यूज नेटवर्क





**राजाखेड़ा/अंकित गोयल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिवर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मानने का निर्णय एक ऐतिहासिक कदम है। यह कहना है की इंटरनेशनल वैज्ञानिक डिजिटल डिप्लोमेसी एक्सपर्ट डॉ डीपी शर्मा और पूर्व हेड ऑफ द ऑफिस ऑफ यूनाइटेड नेशन्स एनवायरमेंट प्रोटेक्शन विजय समनोत्रा का जिन्होंने 1947 में भारत के विभाजन और उसकी असहनीय विभीषिका पर कई सालों की रिसर्च एवं अध्ययन के बाद 17 जुलाई 2021 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक संक्षिप्त इतिहास की प्रतिवेदन एवं पत्र लिखकर 14 अगस्त को विभाजन भविष्य का दिवस के रूप में मनाए जाने की मांग की थी। 14 अगस्त 2023 को मनाया जाने वाला द्वितीय विभाजन विभीषिका दिवस है जिसमें अनेकों एग्जिवेशन स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में किए जाने के साथ संगोष्ठी आयोजित करने की योजना है डा. शर्मा ने बताया की वे विदेश में रहने के बाबजूद इस प्रोजेक्ट पर पूर्व यूनाइटेड नेशन्स डिप्लोमेट विजय समनोत्रा ने अध्ययन पर काम कर रहे थे ताकि विभाजन विभीषिका के दर्द और आने वाली पीढ़ियों को ऐसे मंजर की पुनरावृति से बचाया जा सके। शर्मा ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी संक्षिप्त प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए 14 अगस्त 2021को इसकी घोषणा की। और तत्पश्चात प्रतिवर्ष यह दिवस 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। डा. शर्मा एवं विजय समनोत्रा ने मोदी सरकार से असहनीय प्रताड़ना झेलकर शहीद हुए भारतीयों और उनके परिजनों की व्यथा को इजराइल के यहूदियों द्वारा बनाए गए होलोकास्ट म्यूजियम की तर्ज पर एक डिजिटल म्यूजियम के साथ साथ फिजिकल म्यूजियम बनाने की भी मांग की है। इस सन्दर्भ में 14 अगस्त को यादगार दिवस के रूप में मनाए जाने पर देश में सामाजिक सौहार्द का संचार होगा। युवा पीढ़ी को देश के बंटवारे के समय में देश को मिले दर्द और बलिदान को समझने का भी अवसर मिलेगा। डा. डीपी शर्मा ने कहा की साथ ही एक डिजिटल म्यूजियम भी स्थापित किया जाए जिसमें दर्दनाक और दुखद यादों को संजोया जा सके जो वर्तमान में जीवित है उनके अनुभव दर्द को सुनकर रिकॉर्ड कर प्रकाशित किया जा सके। यही आज हमारी युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा संदेश होगा। साथ ही नवीन पीढ़ी को उस समय के इतिहास, अंग्रेजों की दमनकारी नीति, नरसंहार आदि के बारे में भी बताया जा सके। आखिरकार उन्होंने दर्द को केसे झेला होगा इसे भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित भी किया जाए।

# 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर अकबरपुर से भर्तृहरि धाम तक विशाल तिरंगा वाहन रैली का हुआ आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क





**युवराज शर्मा / अलवर।** रैली में भाजपा अलवर ग्रामीण के सम्मानित नेता एडवोकेट देशराज खरेरा ने उपस्थित जनों को शांति के साथ इस यात्रा को भव्य विशाल एवं सफल बनाने हेतु आह्वान किया। रैली के दौरान समूचा क्षेत्र तिरंगे के तीन रंगों में रंगा दिखाई दे रहा था जो की रैली के सफल होने की और संकेत करता है। मीडिया से बातचीत करते हुए देशराज ने कहा कि, " स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मैं सर्वप्रथम इस अमूल्य आजादी हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों के चरणो में कोटि कोटि वंदन करता हूं उनके अप्रतिम शौर्य एवं बलिदान के कारण ही आज हम सब भारतवासी खुली हवा में सांस ले रहे हैं । आजादी के इतने वर्षों बाद आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा भारत विकास के नित नए आयाम प्रतिदिन स्थापित कर रहा है ! माननीय प्रधानमंत्री जी ने आह्वान किया है कि दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच समस्त भारतवासी अपने घरों पर तिरंगा फहरायें ! इसी को लेकर आज यह भव्य विशाल तिरंगा बाइक रैली निकाली गई है । हमें गर्व है कि हमारी विधानसभा भी प्रधानमंत्री जी की इस राष्ट्रव्यापी मुहिम का सहभागी बन रही है।


# गढ़ीसवाईराम पंचायत उपचुनाव मे निर्विरोध वार्डपंच बनी कौशल्या देवी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के गढ़ीसवाईराम कस्बे मे सोमवार को वार्डपंच के लिए हुए उप चुनाव मे वार्ड न. 04 से कौशल्या देवी कोली पत्नी मांगेलाल कोली को निर्विरोध वार्ड पंच चुना गया। निर्विरोध वार्ड पंच को रिटर्निंग अधिकारी सुरेश चन्द मीना ने पद व गोपनीयता की शपथ दिला कर प्रमाण पत्र दिया। उल्लेखनीय है कि वार्ड न. 04 से अंगुरी देवी कोली पूर्व मे वार्डपंच थी जिनका चार माह पहले मौत हो जाने के कारण उप चुनाव हुआ था। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच भारती बैरवा ग्राम विकास अधिकारी कविता मीना सहित सभी वार्डपंच मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।




काउंटरों पर व्यवस्थाओं का टोटा

# महिलाओं को फ्री मिलने वाले मोबाइलों काउंटरों पर उमड रही जबरदस्त भीड़



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )**। शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित राजकीय विद्यालय में फ्री स्मार्ट मोबाइल फोन योजना शिविर लगा हुआ है । शिविर में अव्यवस्थाओं का आलम इस कदर पसर रहा है कि वहां व्यवस्था बनाने वाला कोई नहीं है जिसके चलते मोबाइल फोन लेने के दौरान महिलाओं को धक्का मुक्की का सामना करना पड़ रहा है शिविर में अव्यवस्थाओं को लेकर महिलाओं व लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री फ्री मोबाइल तो बॉट रहे हैं मगर फ्री मोबाइल के लिए महिलाओं की उमडती भीड़ को कंट्रोल करने के लिए काउंटर पर व्यवस्थाओं का कोई इंतजाम नही है । महिलाएं फ्री मोबाइल के लिए एक दूसरे से पहले लेने के चक्कर में धक्का मुक्की की शिकार हो रही है कानपुर पर धक्का-मुक्की की नौबत आ रही है जो कि प्रशासनिक लापरवाही को दशार्ती है । भीड़ में से बाहर धकेली गई एक महिला ने बताया कि महिलाएं फ्री मोबाइल के चक्कर में एक दूसरे से पहले लेने की होड़ में ना तो किसी बुजुर्ग महिला का ध्यान रख रही है ना ही बच्चियों का । प्रशासन को फ्री मोबाइल काउंटर पर व्यवस्था बनानी चाहिए । भीड़ में अव्यवस्थाओं के चलते किसी बुजुर्ग महिला जो कि बी.पी या अन्य किसी बीमारी से से ग्रसित हो । उसकी तो जान पर भी आफत आ सकती है । क्या किसी अनहोनी के बाद प्रशासन चेतेगा । प्रशासन को फ्री मोबाइल काउंटर पर व्यवस्थाएं बनानी चाहिए।

# एक बार गूंजेगा जयकारा वीर बजरंगी का...जय श्री राम



**- रामनगर विस्तार सोडाला स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में होगा आयोजन**

**- सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का होगा आयोजन**

सितारा न्यूज नेटवर्क

जनीश सिंह

**जयपुर**। सर्व हिंदू समाज एवं समस्त भक्तगण की ओर से 15 अगस्त को सांय 7 बजे रामनगर विस्तार सोडाला स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन किया जाएगा ।यह कार्यक्रम अवधेश दास महाराज के सानिध्य में किया गया है, जिसमें व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेंद्र सिंह प्रागपुरा संस्था के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विजेंद्र सिंह, किशन सुलानीय, मोहित, आयुष, दिनेश, सन्नी, विक्की, जय पालीवाल, सुमित सोनी, गणेश सोनी, कान्हा, अभिषेक शुक्ला एवम अन्य कार्यकर्ता अपना सामूहिक योगदान देंगे। आयोजन कताओं ने अपील की कि इस सामूहिक हनुमान चालीसा के भव्य कार्यक्रम मे सभी माताएं बहने छोटे भाई बढे भाई सभी बुजुर्ग सादर आमंत्रित है , आप सभी अधिक से अधिक संख्या मे पधार कर इस महायज्ञ मे भाग ले। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन मीडिया संगठन जार के द्वारा भी किया गया।



खास अंदाज में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

# आजादी के महोत्सव पर ट्राई कलर में सजेंगी जयपुर की चौपटियां

**- स्कूल के छात्र-छात्राएं प्रस्तुत करेंगी देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। आवासन मंडल द्वारा विकसित और जयपुर की पहचान बन चुकी चौपाटियों पर 77 वां स्वतंत्रता दिवस एक बार फिर खास अंदाज में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मानसरोवर एवं प्रताप नगर में स्थित जयपुर चौपाटियों पर दिन भर देशभक्ति के तराने चलाए जाएंगे। साथ ही दोनों चौपाटियों को ट्राई कलर में आकर्षक लाइटिंग एवं विशेष सजावट भी की जाएगी।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चौपाटियों पर लाइव म्यूजिक बैंड के माध्यम से देशभक्ति गानों की प्रस्तुतियां होंगी। दोनों ही चौपाटियों पर सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक म्यूजिकल बैंड की भी प्रस्तुतियां होगी। आगंतुक यहां लजीज व्यंजनों के साथ देशभक्ति गानों का आनंद भी ले सकेंगे।

आयुक्त ने बताया कि प्रताप नगर स्थित रेडिक्स पब्लिक स्कूल के विद्याथीर्यों द्वारा शाम 6 से 8 बजे तक देशभक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेगा। चौपाटी पर आए हुए लोगों के लिए ये स्वतंत्रता दिवस यादगार रहेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित लोगों की फरमाइश पर लाइव म्यूजिक बैंड द्वारा देशभक्ति गानों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले लोग स्वतंत्रता दिवस की भावना के साथ एक अलग और यादगार अंदाज में सेलिब्रेट करें, मंडल की यही कोशिश रहेगी। गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोडा की पहल पर विकसित इन दोनों चौपाटियों ने पिछले कुछ समय में जयपुरवासियों के साथ ही पर्यटकों के दिल में भी अपनी अलग पहचान कायम की है। आमजन के साथ सेलेब्रिटीज को भी चौपाटियां रास आने लगी हैं।
















स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com